दैनिक
# न्याय साक्षी

खबरें खास

रायगढ़, मंगलवार 21 दिसंबर 2021 | 4

www.nyaysakshi.com

## महत्वपूर्ण एवं खास

### स्वच्छ भारत मिशन के दिव्यांग हितग्राही से कलेक्टर ने की चर्चा

**रायगढ़।** स्वच्छ भारत मिशन के सफल क्रियान्वयन के लिए रायगढ़ जिला पूरे देश अव्वल रहा है। विगत दिनों नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छ भारत मिशन के सफल क्रियान्वयन हेतु राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इसी कड़ी में कलेक्टर भीम सिंह द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वच्छ भारत मिशन के सफल क्रियान्वयन और संचालन के लिए हितग्राहियों से प्रत्यक्ष रूप से चर्चा की गई। जिसके तहत धरमजयगढ़ विकास खंड अंतर्गत छाल पंचायत के दिव्यांग हितग्राही मनोज श्रीवास्तव से कलेक्टर सिंह ने वीडियो कॉल के माध्यम से योजना के क्रियान्वयन और लाभ के बारे में चर्चा किया। चर्चा के दौरान मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि पूर्व में उन्हें शौचालय तथा अपने दैनिक क्रियाकलाप के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था, लेकिन स्वच्छ भारत मिशन के तहत अपने घर में आवश्यकता अनुसार दिव्यांग शौचालय के निर्माण से उन्हे काफी सुविधाएं हो गई है। मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि दिव्यांग होने के कारण काफी आर्थिक रूप से समस्याओं का सामना करना पड़ता है जिस पर कलेक्टर द्वारा दिव्यांग पेंशन जल्द से जल्द प्रारंभ करने तथा शासन-प्रशासन द्वारा नियमानुसार सहयोग का आश्वासन भी दिया है। इसके लिए दिव्यांग मनोज श्रीवास्तव ने कलेक्टर भीम सिंह तथा शासन-प्रशासन का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

### युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**कोरबा।** दीपका थाना अंतर्गत सुभाष नगर में एक युवती ने फंासी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में अब जांच पड़ताल के बाद दीपका थाने में दुष्कर्म वह आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला दर्ज किया गया है । रामपुर चौकी अंतर्गत रामपुर निवासी मनहरण चौहान अपनी 27 वर्षीय प्रेमिका को दीपका के सुभाष नगर में किराए के मकान में रखकर दुष्कर्म कर रहा थाए जहां वे दोनों पति.पत्नी की तरह रहते थेए मनहरण चौहान यंहा रहते हुए कई बार दुष्कर्म किया लेकिन वह रीतिरिवाजों से शादी करने के लिए तैयार नहीं था। जिस कारण करीब 1 वर्ष पहले 20 अक्टूबर 2020 को परेशान होकर युवती ने किराये के कमरे में फंासी लगाकर आत्महत्या कर ली। उक्त मामले में प्रार्थी शिव कुमार सारथी वार्ड ब्वाय की रिपोर्ट पर पुलिस मर्ग कायम कर जांच पड़ताल कर रही थी जांच के आधार पर पुलिस ने आरोपी मनहरण चौहान के खिलाफ दुष्कर्म आत्महत्या को प्रेरित करने की धारा 376ए 306 के अपराध पंजीबद्ध कर लिया।

### छत्तीसगढ़ अंडर-16 टीम में नारायणपुर के 4 खिलाड़ी चयनीत

**नारायणपुर (आरएनएस)।** प्रदेश की अंडर-16 टीम में जिले के जिन चार खिलाड़ियों का चयन किया गया है उसमें वीर सिंह बंजारे, राहुल जैन, गौरव नाग और, यश वर्धा शामिल हैं। अंडर-14 में शानदार खेल का प्रदर्शन करने के चलते उनका चयन अंडर-16 के लिए किया गया है। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में नारायणपुर अंडर-14 की टीम ने फाइनल तक का सफर तय किया था। इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले 04 खिलाड़ियों का चयन छत्तीसगढ़ अंडर-16 टीम के प्लेट कंबाइन टीम में किया गया है। इस टीम का कप्तान भी नारायणपुर के खिलाड़ी यश वर्धा को बनाया गया।

# कलेक्टर ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण





**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह ने जिले में नगरीय निकाय आम/उप निर्वाचन 2021 के लिए हो रहे मतदान का निरीक्षण किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल भी साथ रहे। कलेक्टर सिंह ने सारंगढ़ व रायगढ़ के विभिन्न मतदान केन्द्र के निरीक्षण में पहुंचे। कलेक्टर सिंह ने सारंगढ़ के नगर पालिका पूर्व माध्यमिक विद्यालय, गर्ल्स हायर सेकेण्डरी स्कूल, शासकीय नवीन प्राथमिक शाला झरियापारा व जनपद पंचायत परिसर में बनाये गए मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने मतदान संपन्न करवा रहे महिला अधिकारियों से मतदान के केन्द्र में हुए मतदान प्रतिशत और मतदाताओं की संख्या की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को शांतिपूर्ण तरीके से सुव्यवस्थित रूप से मतदान संपन्न कराने के लिए दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने केन्द्रों में सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया।

उल्लेखनीय है कि सारंगढ़ नगर पालिका परिषद में इस बार सभी 24 केन्द्रों में मतदान कार्य 96 महिला अधिकारी-कर्मचारियों की टीम द्वारा संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर सिंह ने रायगढ़ नगर निगम अंतर्गत वार्ड क्रमांक 25 के उप निर्वाचन के लिये कौहाकुंडा में बनाये गए मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने पीठासीन अधिकारी से हुए मतदान की जानकारी ली। उन्होंने केन्द्र में बनाये तीनों पोलिंग बूथ का निरीक्षण किया और सेक्टर अधिकारी से मतदान प्रतिशत और मतदाताओं की संख्या की बूथवार जानकारी ली।

**स्ट्रांग रूम का लिया जायजा-** कलेक्टर सिंह ने सारंगढ़ के मंगल भवन में बनाये गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। यहां रिटर्निंग ऑफिसर नंद कुमार चौबे ने उन्हें स्ट्रांग रूम में मतदान के पश्चात मतगणना तक मतपेटियों को सुरक्षित रखने और उसकी मॉनिटरिंग के लिए की गयी व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी।

### सारंगढ़ में 79.34 प्रतिशत हुआ मतदान, रायगढ़ के दो वार्डों में 58.94 रहा मतदान प्रतिशत

**» कुल 20 हजार 199 मतदाताओं ने किया मतदान**

नगरीय निकाय आम/उप निर्वाचन 2021 में नगर पालिक निगम रायगढ़ के वार्ड 9 और 25 में मतदान 58.94 प्रतिशत तथा नगर पालिका परिषद सारंगढ़ में 79.34 प्रतिशत मतदान रहा। नगरीय निकाय निर्वाचन में कुल 20,199 मतदाताओं ने मतदान किया। कुल पुरूष मतदाताओं की संख्या 9832, वहीं महिला मतदाताओं की संख्या 10,367 रही। जिनमें नगर पालिक निगम रायगढ़ में कुल मतदाता 3752 जिसमें पुरूष मतदाता 1842 एवं महिला मतदाता 1910 रहे। वहीं नगर पालिका परिषद सारंगढ़ में कुल 16,447 नागरिकों के मतदान किया। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 7990 तथा महिला 8457 रही।

## 200 एकड़ गन्ने की खेत में लगी भीषण आग, 12 से ज्यादा किसानों को लाखों का नुकसान

**» हार कर लौटी दमकल की टीम, किसानों का बुरा हाल**



**कवर्धा (आरएनएस)।** मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम लेंजाखार के 200 एकड़ गन्ने की खेत में आग लगी है, जिसे बुझाने में दमकल की टीम नाकाम रही।

बोड़ला पुलिस पहुंची मौके पर मौजूद है. इस हादसे में दर्जन भर से ज्यादा किसानों का नुकसान हुआ है.

नुकसान का अभी आकलन नहीं किया गया है, लेकिन कयास लगाए जा रहे हैं कि लाखों रुपये का नुकसान हो गया है. किसानों ने सरकार से मुआवजे की मांग की है, जिससे उन्हें हुए नुकसान की भरपाई हो सके. इस समय किसानों की स्थिति दयनीय है. आग ने मेहनत पर पानी फेर दिया। मिली जानकारी के अनुसार दमकल की गाड़ियों का लगातार आग पर काबू पाने आना जाना लगा है।

## मदद के नाम पर युवती की अस्मत लूटने वाला आरोपी गिरफ्तार

**» आरोपी ढाबा संचालक फरार होने में रहा असफल, चौकी प्रभारी ने की त्वरित कार्रवाई**



**रायगढ़।** महिला अपराध से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई और पीड़िता को शीघ्रता से न्याय दिलाने प्रतिबद्ध सरायगढ़ट्टपुलिस एसपी अभिषेक मीना के दिशा निर्देशन पर लगातार गंभीरतापूर्वक कार्रवाई कर रही है।

इसी कड़ी में आज दिनांक 20.12.2021 को चौकी रैरूमा में दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराने आयी युवती के रिपोर्ट पर त्वरित कार्रवाई करते हुए चौकी प्रभारी उप निरीक्षक जेम्स कुजूर द्वारा आरोपी ढाबा संचालक के ढाबा पहुंचकर उसके कहीं फरार होने से पहले हिरासत में लेकर चौकी लेकर आये आरोपी को कल सुबह न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जावेगा।

पीड़िता जशपुर जिले की रहवासी है जो बताई कि माह अगस्त 2021 से पत्थलगांव में रहकर घरेलू काम करती थी। ग्राम बाकारूमा के बबलू सारथी से उसके रिस्तेदार के माध्यम से जान पहचान हुआ था। कभी कभी काम करने आते जाते समय मुलाकात होता था। उसी दौरान युवती अपना तबियत खराब रहना बबलू सारथी को बताई थी , तब बबलू सारथी अम्बिकापुर ले जाकर इलाज करवा दूंगा बोला था। दिनांक 18/12/2021 के शाम के समय बबलू सारथी अम्बिकापुर ले जाकर ईलाज करवा दूंगा कहकर अपने मोटर सायकल में बैठाकर ग्राम रैरूमखुर्द में अपने रिस्तेदार के यहां ले आया। जहां रात में अलग कमरा में अकेली सो रही थी , रात्रि करीब 12:00 बजे बबलू सारथी दरवाजा खोलकर जबरन अंदर आकर बलात संभोग किया और भाग गया। युवती के रिपोर्ट पर धारा 376 आईपीसी का अपराध आरोपी बबलू उर्फ गीता प्रसाद सारथी पिता जय श्रीलाल सारथी उम्र 35 वर्ष निवासी बाकारूमा चौकी रैरूमाखुर्द थाना धर्मजयगढ़ पर दर्ज किया गया। आरोपी बबलू सारथी, ग्राम बरपाली में ढाबा चलाता है, पूर्व में पत्थलगांव के पेट्रोल पम्प डकैती के मामले में आरोपित होने से जिला जेल जशपुर में निरूद्ध था। अपराधिक प्रवृत्ति के आरोपी के फरार होने के संदेह पर मामले को गंभीरतापूर्वक लेते हुए चौकी प्रभारी द्वारा तत्काल आरोपी की घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया है जिसे शीघ्र न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जावेगा।

## नवीन जिला सारंगढ़ में ना रहने के लिए 16 हजार लोगों ने दर्ज कराई अपनी आपत्ति

**» आज दावा आपत्ति के मौके पर बरमकेला में उमड़ी भीड़**

**» सचिव के नाम सौंपे गए 16 हजार आपत्ति पत्र**

**बरमकेला (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा 15 अगस्त को प्रदेश में 4 नए जिले की घोषणा करने के बाद नवीन जिला सारंगढ़ को लेकर विकासखंड बरमकेला शुरू से ही इसका विरोध करते हुए मांग कर रहा है कि हमें रायगढ़ जिला में यथावत रखा जाए। आज 20 दिसंबर सोमवार को विकासखंड बरमकेला के लोगों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर नवीन जिला सारंगढ़ में ना रहने की बात करते हुए तहसीलदार बरमकेला को अपना आपत्ति दर्ज किया है। विदित हो कि नवीन जिला सारंगढ़ की घोषणा बिलाईगढ़ ब्लॉक, सारंगढ़ ब्लॉक, एवं बरमकेला ब्लाक को जोडक़र किया गया है। इस घोषणा के बाद से बरमकेला विकासखंड के लोगों के द्वारा पुरजोर विरोध करते हुए मांग किया जा रहा है कि हमें सर्व सुविधा युक्त रायगढ़ जिला में ही रहना है। इसके लिए पूर्व में बड़ी संख्या में लोग मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास पहुंच कर फरियाद किए थे। इस पर मुख्यमंत्री महोदय के द्वारा बरमकेला विकासखंड को आश्वासन देते हुए कहा था कि नवीन जिला निर्माण के संबंध में शासन के प्रक्रिया के तहत आपको चलना पड़ेगा। जिसमें दावा आपत्ति का भी प्रावधान है। इस प्रावधान के तहत आप अपना आपत्ति दर्ज करा कर जहां रहना चाहते हैं रह सकते हैं। मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद आज 20 दिसंबर सोमवार को विकासखंड बरमकेला के 225 ग्रामों की करीब 16 हजार लोगों ने बरमकेला पहुंचकर तहसील कार्यालय बरमकेला में पदस्थ तहसीलदार अनुज पटेल को सचिव छत्तीसगढ़ शासन के नाम आपत्ति पत्र प्रस्तुत किया है। आपत्ति पत्र प्रस्तुत करने के दौरान विधायक प्रकाश नायक, भाजपा नेता जगन्नाथ पाणिग्राही, पूर्व विधायक जवाहर नायक, जिला पंचायत सदस्य कैलाश नायक, जनपद उपाध्यक्ष किशोर पटेल, विधायक प्रतिनिधि अरुण शर्मा ,जिला पंचायत सदस्य अजय जवाहर नायक ,जनपद पंचायत अध्यक्ष तारा अरुण शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष बरमकेला हेमसागर नायक, नगर पंचायत अध्यक्ष सरिया स्वप्निल स्वर्णकार, सरपंच संघ अध्यक्ष ओंकार पटेल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। नवीन जिला सारंगढ़ में ना रहने के लिए बरमकेला विकासखंड में तीव्र जोर पकड़ता जा रहा है । आज तहसील कार्यालय बरमकेला के सामने सारंगढ़ बरमकेला मुख्य मार्ग पर करीब 16 हजार लोगों की भीड़ इकट्ठा हुई और नवीन जिला सारंगढ़ में ना रहने के लिए अपना आपत्ति दर्ज किया। इसके पहले सडक़ पर ही चौपाल लगाकर जनप्रतिनिधियों ने सारंगढ़ और रायगढ़ की तुलना करते हुए रायगढ़ को ही अपना सुविधा युक्त जिला घोषित किया और कहा कि हमें हर हाल में रायगढ़ जिला में ही रहना है। चाहे इसके लिए हमें आगे कुछ भी करना पड़े। इसके लिए हम पीछे नहीं हटेंगे। सडक़ में ही सभा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक प्रकाश नायक, भाजपा नेता जगन्नाथ पानीग्राही कृषक कल्याण परिषद के सदस्य शरद यादव आदि लोगों ने सभा में दोपहर तहसीलदार अनुज पटेल के ऑफि स में पहुंचकर 16 हजार आपत्ति पत्र प्रस्तुत किया गया। इस कार्य में स्कूली छात्र छात्राओं, युवा वर्गों ,मातृशक्ति तथा सर्वदलीय लोगों के द्वारा एक स्वर में रायगढ़ जिला में रखे जाने की मांग की गई और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आश्वासन सभा स्थल में गुंजते हुए तहसीलदार बरमकेला अनुज पटेल को नवीन जिला सारंगढ़ मैं ना रहने के लिए आपत्ति पत्र प्रस्तुत किया।

## वायु सेना भर्ती हेतु कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित



**रायगढ़।** भारतीय वायु सेना भर्ती कार्यालय भोपाल (म.प्र.)के तत्वावधान में आज जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायगढ़ में वायु सेना में भर्ती हेतु कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें किरोड़ीमल शा.पॉलिटेक्निक कॉलेज रायगढ़, शा.उ.मा.वि चक्रधरनगर रायगढ़ सहित अनेक उ.मा.वि के विद्यार्थी काफी संख्या में उपस्थित थे। साथ ही शा.उ.मा.वि. जूटमिल रायगढ़ में भी भारतीय वायु सेना के अधिकारियों द्वारा कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया गया।

## मुख्यमंत्री ने गोधन न्याय योजना के तहत 3 करोड़ 93 लाख रूपए की राशि ऑनलाइन जारी की



**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज अपने निवास कार्यालय में आयोजित गोधन न्याय योजना के राशि अंतरण कार्यक्रम में पशुपालक ग्रामीणों, गौठानों से जुड़ी महिला समूहों और गौठान समितियों को 3 करोड़ 93 लाख रूपए की राशि ऑनलाइन जारी की जिसमें एक दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक राज्य के गौठानों में पशुपालक ग्रामीणों, किसानों, भूमिहीनों से गोधन न्याय योजना के तहत क्रय किए गए गोबर के एवज में 2 करोड़ 63 लाख रूपए भुगतान तथा गौठान समितियों को 79 लाख और महिला समूहों को 51 लाख रूपए की लाभांश राशि शामिल हैं।

मुख्यमंत्री इस अवसर पर गौठान मेप एप का भी शुभारंभ किया। इस ऐप के माध्यम से गौठान में संचालित समस्त गतिविधियों जैसे गोबर खरीदी भुगतान, गौठान से जुड़ी महिला स्व सहायता समूह की आय मूलक गतिविधियों के तहत उत्पादित सामग्री, दर एवं विक्रय की अद्यतन जानकारी मिल सकेगी।

इस अवसर पर कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ,मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, पूर्व केंद्रीय मंत्री भक्त चरणदास , मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, कृषि उत्पादन आयुक्त कमलप्रीत सिंह,विशेष सचिव कृषि एवं गोधन न्याय मिशन के प्रबंध संचालक डॉ एस भारती दासन सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित है।

## छत्तीसगढ़ छात्र सुरक्षा बीमा योजना का जिले में हो रहा क्रियान्वयन

**» शिक्षा विभाग द्वारा पालकों को विद्यार्थियों के सुरक्षित रहने के उपाय संबंधित स्कूलों में दी जा रही समझाइश**

**रायगढ़।** शासन की बहुत ही महत्वपूर्ण योजना छत्तीसगढ़ छात्र सुरक्षा बीमा जिसके तहत शासकीय अनुदान प्राप्त स्कूलों तथा महाविद्यालय में पढ़ने वाले समस्त नियमित छात्र-छात्राओं को दुर्घटना उपरांत मृत्यु एवं अपंगता होने पर दावा राशि का भुगतान किया जाता है। विगत 3 वर्षों में छत्तीसगढ़ छात्र सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत रायगढ़ जिले के कुल 25 छात्र-छात्राओं को मृत्यु उपरांत दावा राशि का भुगतान किया जा चुका है। जिसमें सड़क दुर्घटना से 9 छात्र-छात्राएं, तालाब में डूबने से 5, बिजली करंट से 5 एवं सांप के काटने से 6 छात्र-छात्राओं की आकस्मिक मृत्यु हुई है।

उल्लेखनीय है कि शिक्षा विभाग रायगढ़ द्वारा पालकों को विद्यार्थियों के सुरक्षित रहने के उपाय संबंधित स्कूलों में समझाइश भी दी जा रही है जिसमें विद्यार्थियों के पालकों को समझाइश देते हुए बताया जा रहा है किए ट्रैफिक नियमों के अनुरूप पालन करें, जैसे अवयस्क बच्चों को वाहन न चलाने दें, हेलमेट का उपयोग अनिवार्य रूप से कराएं, तीन सवारी गाड़ी ना चलाने दे। गाड़ी चलाते समय मोबाइल का उपयोग ना करें, सड़क पार करते समय हमेशा दाएं एवं बाएं देखकर ही सड़क पार करें एवं हमेशा बाएं तरफ चलें, बिना कारण तालाब या नदी में ना जाएं, बच्चों को तैराकी सिखाएं,वयस्कों की निगरानी में रहें, घर में बिजली का कनेक्शन ठीक कराएं एवं बिजली का कार्य बच्चों से ना करवाएं। तकनीशियन से बिजली ठीक कराएं, बिजली के तारों को बच्चों की पहुंच से दूर रखें, बिजली कड़क के दौरान घर से बाहर ना जाए एवं किसी पेड़ के नीचे ना खड़े रहें, सांप से बचाव के लिए रात को सोते वक्त अपने आसपास जांच कर लेवें एवं सोने से पहले बिस्तर को झटक कर सोना चाहिए तथा जमीन में सोने से बचें। रात के समय नंगे पांव ना चले, अंधेरे में जाते वक्त हमेशा टॉर्च का उपयोग करें। सांप या अन्य जहरीले कीड़ों के काटे जाने पर तत्काल स्वास्थ्य केंद्र में उपचार कराएं

छत्तीसगढ़ छात्र सुरक्षा बीमा योजना नियम-5 एवं उप नियम 5-क अंतर्गत शासकीय अनुदान प्राप्त स्कूलों तथा महाविद्यालय में पढ़ने वाले समस्त नियमित छात्र-छात्राओं को दुर्घटना उपरांत मृत्यु एवं अपंगता होने पर दावा राशि का भुगतान किया जाता है। इस योजना अंतर्गत दुर्घटना से ऐसी घटना से है जो अप्रत्याशित रूप से घटित हुई हो वह जानबूझकर कारित ना की गई हो जैसे वाहन से ठोकर लगने या दुर्घटना होने पर मृत्यु, करंट से मृत्यु, सांप बिच्छू के काटने से मृत्यु, पानी में डूबने से मृत्यु होने पर तथा अप्रत्याशित दुर्घटना के दौरान अपंगता की स्थिति में इस योजना से दावा राशि भुगतान किया जाता है।

**घटना होने पर कैसे करें दावा**

किसी भी घटना के लिए दावा करने पर आवश्यक दस्तावेज में घटना के संबंधित एफआईआर की कॉपी, मृत्यु होने पर पीएम रिपोर्ट की कॉपी, आवेदन के साथ स्कूल स्तर से विकास खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा परीक्षण कर जिला कार्यालय में जमा किया जाता है। इसके पश्चात योजना के तहत दुर्घटना के अनुरूप मिलने वाली दावा राशि छत्तीसगढ़ छात्र सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत प्रदाय की जाती है।

जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी.आदित्य ने कहा कि अप्रत्याशित कारणों से घटित दुर्घटना उपरांत मृत अथवा अपंग हुए प्रभावित समस्त छात्र-छात्राओं व उनके परिवार के प्रति हम संवेदना प्रकट करते हैं। दुर्घटना से बचाव हेतु जागरूकता बेहद जरूरी है। इसी के मद्देनजर स्कूल में विद्यार्थियों एवं पालकों को संस्था प्रमुख द्वारा समय-समय पर बच्चों को सुरक्षित रहने हेतु जागरूकता के तहत समझाईश देना सुनिश्चित किया जा रहा है। विगत 3 वर्षों में छत्तीसगढ़ छात्र सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत रायगढ़ जिले के कुल 25 छात्र-छात्राओं को मृत्यु उपरांत दावा राशि का भुगतान किया जा चुका है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480